**B** **SL. No. : N**

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 50 ]
Total No. of Questions : 50 ]

**CCE RR**
**UN-REVISED**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 06-H** **Code No. : 06-H**

यहाँ से काटिए

# ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
# Subject : First Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 22. 06. 2018 ] [ Date : 22. 06. 2018
ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-30 P.M.
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER
प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 50 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

Tear here

## विभाग "A"

### गद्य, पद्य, पोषक अध्ययन - ( 67 अंक )

I. निम्न प्रश्नों के उत्तर **एक-एक** वाक्य में लिखिए : 11 × 1 = 11

1. दिलावर खाँ और रहमान बेग को पुरुषोत्तम कहाँ बिठाते हैं ?
2. राज्य में क्या फैल गया था ?
3. रुपये के अनुसार सबकी शरण छोड़कर किसकी शरण में जाना चाहिए ?
4. वेंकटराव की प्रिय पत्रिका कौन-सी है ?
5. गाँधीजी ने अपनी माता से क्या प्रतिज्ञा की ?
6. केवट के अनुसार श्रीराम के पैर की धूल में कौन-सी शक्ति है ?
7. मीरा का वैद्य कौन है ?
8. अज्ञेयजी ने किससे हरियाली माँगी ?
9. बड़े भाई साहब प्रेमचन्दजी से कितने साल बड़े थे ?
10. प्रभाकरजी के अनुसार हमारे राष्ट्रीय चरित्र की सबसे बड़ी कमज़ोरी क्या है ?
11. आज के युग को किस नाम से संबोधित किया जाता है ?

II. निम्न प्रश्नों के उत्तर **दा** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 9 × 2 = 18

12. पानी पीने के संबंध में कौन-कौन से नियम बनाये हैं ?
13. गाँधीजी के परिवार का परिचय दीजिए ।
14. राष्ट्रीय बालाश्रम नीति कब बनी और उसके अनुसार बालक की परिभाषा क्या है ?
15. आजकल नारी किन-किन क्षेत्रों में सफलतापूर्वक कार्य कर रही है ?
16. कुटिया कहाँ बनी हुई है और उसकी रखवाली कौन कर रहा है ?
17. किन-किन की शोभा देखनी चाहिए ?
18. पिछड़ा आदमी सचमुच में पिछड़ा था । क्यों ?
19. टाइम टेबल बनाने से प्रेमचन्दजी को क्या समस्या हुई थी ?
20. विज्ञान मानव के लिए वरदान है — समर्थन कीजिए ।

III. निम्न वाक्यों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 4 × 3 = 12

21. ''तुम्हारी सत्यप्रियता अधिकांश दिल्ली में प्रसिद्ध है ।''

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) किसने, किससे कहा :

iv) व्याख्या :

22. ''पर जहाँगीरी अण्डा है क्या ?''

i) पाठ का नाम :

ii) लेखक का नाम :

iii) किसने, किससे कहा :

iv) व्याख्या :

23. ''मैं तो मेरे नारायण की .................................. कहैं कुलनासी रे ।''

i) पद्य का नाम :

ii) कवि का नाम :

iii) किसने, किससे कहा :

iv) व्याख्या :

24. ''मजहब नहीं सिखाता ........................................... बैर रखना ।''

i) पद्य का नाम :

ii) कवि का नाम :

iii) किसने, किससे कहा :

iv) व्याख्या :

IV. निम्नलिखित लेखक / कवि के बारे में लिखिए : 2 × 3 = 6

25. हरिशंकर परसाई जी

i) जन्म काल :

ii) कृतिया :

iii) विशेष जानकारियाँ :

26. तुलसीदास जी :

i) जन्म काल :

ii) कृतियाँ :

iii) विशेष जानकारियाँ :

V. कवि और कविता का नाम लिखते हुए पद्यांश को पूर्ण कीजिए : 4

27. राग से ...............................................................................

...............................................................................

...............................................................................

............................................................................. अपनी चाल ।

**अथवा**

आसरा मत ...............................................................................

...............................................................................

...............................................................................

............................................................................. में राग ।

VI. निम्नलिखित कवि और कविता के नाम लिखते हुए पद्यांश का भावार्थ लिखिए : 4

28. ज्यों तिल माँही तेल है, ज्यों चकमक में आगि ।
तेरा साई तुज्झ में, जागि सकें तो जागि ।।
जिनि ढूँढ़ा तिनि पाइयाँ, गहरे पानी पैठि ।
हौ बौरी डूबन डरी, रही किनारे बैठि ।।

**अथवा**

इतने तुम धनी हो,
तो मुझे थोड़ा प्यार दोगे उधार, जिसे मैं
सौगुने सूद के साथ लौटाऊँगा ।

VII. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के उत्तर **सात-आठ** वाक्यों में लिखिए : 2 × 4 = 8

29. अपने शब्दों में रुपये की महानता का वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

गाँधीजी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए ।

30. कर्नाटक एकीकरण के बारे में अपने विचारों के प्रचार के लिए वेंकटरावजी ने क्या-क्या किया ?

**अथवा**

भारतीय नारी का आदर्श स्पष्ट कीजिए ।

VIII. निम्न प्रश्न का उत्तर **सात-आठ** वाक्यों में लिखिए : 4

31. माखन चोरी करते हुए पकड़े जाने पर श्रीकृष्ण अपनी प्रतिक्रिया किस प्रकार व्यक्त करते हैं ?

## विभाग "B"

## व्याकरण, अलंकार, छन्द - ( 20 अंक )

IX. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए **चार-चार** विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प को चुनकर क्रमाक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $10 \times 1 = 10$

32. 'बादशाह' शब्द का अन्य लिंग रूप है

(A) बेगम (B) बैंगन

(C) बादशाही (D) बादशाहत ।

33. 'जवान' शब्द का भाववाचक रूप है

(A) जवानीपन (B) जवानीयत

(C) जवानी (D) जवानापन ।

34. 'उन्नति' शब्द का विलोम रूप है

(A) अनुन्नति (B) अवनति

(C) अनति (D) अवनती ।

35. 'सहयोग' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है

(A) सह (B) सही

(C) स (D) योग ।

36. 'वन' शब्द का तद्भव रूप है

(A) कन (B) मन

(C) बन (D) सन ।

37. किशन <u>अभी</u> घर गया । रेखांकित शब्द व्याकरण की दृष्टि से है

(A) विशेषण (B) क्रिया विशेषण

(C) क्रिया (D) सर्वनाम ।

38. '<u>अ</u>गोचर' शब्द में रेखांकित अक्षर है

(A) विसर्ग (B) अनुस्वार

(C) दीर्घ स्वर (D) ह्रस्व स्वर ।

39. 'लड़की' शब्द का अन्य वचन रूप है

(A) लकड़ियाँ (B) लड़कियों

(C) लड़कियाँ (D) लड़कीयाँ ।

40. किसमें धातु रूप है ?

(A) खाना (B) खा

(C) खिलाना (D) खिलवाना ।

41. कौन शब्द-युग्म का उदाहरण है ?

(A) पेड़-पौधे (B) सर-सर

(C) टण-टण (D) जल्दी-जल्दी ।

X. प्रथम दो पदों से सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे पद से संबंधित पद लिखिए : $4 \times 1 = 4$

42. इत्यादि : यण् संधि :: पुरुषोत्तम : ........................................ ।

43. पंचवटी : द्विगु समास :: गुण-दोष : .................................... ।

44. दिल्ली : व्यक्तिवाचक संज्ञा :: पर्वत : ................................. ।

45. कर्म कारक चिह्न : को :: अपादान कारक चिह्न : ............................ ।

XI. छन्द पहचानकर लक्षण लिखिए : 3

46. पद पखारि जल पान करि, आपु सहित परिवार ।

XII. अलंकार पहचानकर नाम लिखिए : 3

47. चाचा ने चाची को चाँदी की चम्मच से चटनी चटाई ।

## विभाग "C"
## रचना - ( 13 अंक )

XIII. अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : $2 \times 1\frac{1}{2} = 3$

48. (a) वार करना —

अर्थ :

प्रयोग :

(b) गगन —

अर्थ :

प्रयोग :

XIV. 49. पत्र लेखन : 5

पढ़ाई के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए अपने छोटे भाई के नाम पत्र लिखिए ।

**अथवा**

स्थानांतरण प्रमाण पत्र के लिए अनुरोध करते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।

XV. निबंध लेखन : $1 \times 5 = 5$

50. किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए :

i) सदाचार

ii) आतंकवाद

iii) राष्ट्रीय भावैक्य ।